पिकप ने मारा ठोकर वृद्ध की मौत,कारवाई की मांग

तुर्कपट्टी,कुशीनगर।थाना क्षेत्र के ग्रामसभा बसडीला पाण्डेय निवासी 70 वर्षीय बिग्गू यादव पुत्र चन्द्रिका यादव की बुधवार की शाम इलाज के दौरान गोरखपुर मेडिकल कालेज में मौत हो गई।विदित हो कि मंगलवार की दोपहर बिग्गू यादव रामजानकी मंदिर से घर आ रहे थे इसी दौरान कसया से तुर्कपट्टी की तरफ आने वाले एक पिकप ने सायकिल के पीछे ठोकर मार दिया था।घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार बिग्गू यादव रामजानकी मंदिर में पुजारी के साथ ही मंदिर की व्यवस्था भी देखते थे। मंगलवार की दोपहर वह सायकिल से वापस घर जा रहे थे इसी दौरान कसया की तरफ से आने वाले एक पिकप पीछे से ठोकर मार फरार हो गया।सिर में गंभीर चोट लगने के चलते वह बेहोश हो गये। परिजन इलाज के लिए उन्हें कसया स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए स्थिति गंभीर होने के चलते चिकित्सक ने उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।जहाँ इलाज के दौरान बुधवार की शाम उनकी मौत हो गई। बिग्गू यादव के दो पुत्र संजय व ओमप्रकाश तथा एक पुत्री हैं जिनकी शादियां हो चुकी हैं।अंत्यपरीक्षण के बाद वृहस्पतिवार को लाश गाँव आई जहाँ उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।घटना के सम्बन्ध में परिजनों द्वारा पुलिस को तहरीर दिया जा चुका है।इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है जिस पर विधिक कार्यवाई की जाएगी।

246 अदद पाउच बरामद

इसी क्रम में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम अवैध शराब निष्कर्ण व विक्रय के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष तुर्कपट्टी दिनेश कुमार के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस द्वारा तीन नफर अभियुक्तों को सेमरा मेले में अवैध 246 अदद बंटी -बबली पाउच शराब के साथ गिरफ्तार कर 60 आबकारी एक्ट के तहत विधिक कार्यवाही के बाद जेल भेंज दिया।गिरफ्तार अभियुक्तगणों कृष्ण मुरारी पुत्र सुदामा मध्देशिया निवासी ग्राम दोघरा टोला बेनीभार थाना तुर्कपट्टी,धनन्जय गुप्ता पुत्र विरेश गुप्ता ग्राम गुरवलिया थानातुर्कपट्टी,विन्दा गुप्ता पुत्र शिवपूजन गुप्ता साकिन गुरवलिया के टोला देवीपुर थाना तुर्कपट्टी को बुधवार के दिन अन्नकूट के अवसर पर क्षेत्र के सेमरा हर्दो पट्टी मेला में बन्टी बबली अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि तीनों युवक झोले में पाउच लिए घूमकर मेले में बेंच रहे थे जिन्हें पाउच बेंचते समय रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार करते समय थानाध्यक्ष के साथ उ0 नि0 शशांक राय,उ0नि0 देवब्रत यादव व उ0 नि0 अंकित सिंह साथ रहे।

छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर रामजानकी घाट पहुंचे विधायक, एसडीएम व चेयरमैन प्रतिनिधि

कसानगंज (कुशीनगर)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर नगर पंचायत के छोटी गंडक नदी तट स्थित रामजानकी घाट पर तैयारियां तेज हो गई हैं।क्षेत्रीय विधायक विनय प्रकाश गौड़, उपजिलाधिकारी आकांक्षा मिश्रा एवं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक सोनू खेतान ने घाट पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। कसानगंज नगर में स्थित रामजानकी घाट पर पहुंचे जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने घाट की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा, आवागमन तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने छठ पूजा के दौरान व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करने पर जोर दिया। विधायक विनय प्रकाश गौड़ ने कहा कि छठ महापर्व क्षेत्र की आस्था और परंपरा से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। वहीं एसडीएम आकांक्षा मिश्रा ने व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक जानकारी ली। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक सोनू खेतान ने भी घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं को हरसंभव सुविधा उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।इसके साथ ही इस घाट के सुंदरीकरण,आवागमन के मार्ग के दोहरीकरण, सीसी रोड निर्माण के साथ अतिरिक्त मार्ग की जानकारी देते हुए यहां बेहतर प्रकाश की व्यवस्था की जानकारी दी गई।निरीक्षण के दौरान पर्व को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर संबंधित व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।



विधायक विनय प्रकाश गौड़, उपजिलाधिकारी आकांक्षा मिश्रा एवं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक सोनू खेतान ने घाट पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।

दुबई से शव आते ही गाँव में मचा कोहराम

भटनी(देवरिया)स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम रायबारी निवासी 35वर्षीय जयराम गोड का शव गाँव पहुँचते ही गाँव में मचा कोहराम।परिजन दहाडे मार कर रोने बिलखने लगे । चीख पुकार सुनकर उपस्थित लोगों के आँखो से गम के आशु निकल पडे।मृतक जयराम गोंड दुबई केजेवेल अली इंड्रस्टी एरिया के एक मैदान में 16अक्टुबर शव मिला था । मृत्यु के 27दिन बाद शव बृहस्पतिवार को शव घर आया ।

छठ महापर्व से पहले सेवरही बाजार में यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की जरूरत

बभनौली(कुशीनगर)। छठ महापर्व को लेकर सेवरही बाजार में खरीदारी और आवागमन की भीड़ बढ़ने लगी है। पर्व के दौरान आसपास के दर्जनों गांवों से बड़ी संख्या में लोग बाजार पहुंचते हैं। ऐसे में मुख्य मार्ग पर सुगम आवागमन और जाम से निजात दिलाना जरूरी हो गया है। बाजार में दुकानों के बाहर रखे सामान, प्रचार बोर्ड, ठेला-खोमचे और चौराहों पर खड़े ई-रिक्शों के कारण सड़क की उपयोगी चौड़ाई कम हो रही है।

समय रहते व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई तो पर्व के दौरान लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। पुरानी पुलिस चौकी चौराहे से सीसी रोड तथा मालगोदाम चौराहे से रेलवे स्टेशन मार्ग तक सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण के चलते पैदल राहगीरों को भी दिक्कत होती है। कई दुकानों के बाहर सामान और साइन बोर्ड सड़क की ओर रखे जाते हैं।

वहीं ठेला-खोमचे भी आवागमन में बाधा बनते हैं। व्यस्त समय में दो बड़े वाहनों का एक साथ निकलना मुश्किल हो जाता है। पुरानी पुलिस चौकी चौराहे पर ऑटो और ई-रिक्शों का जमावड़ा भी यातायात प्रभावित करता है। सवारी के इंतजार में चालक सड़क के किनारे और कई बार सड़क के हिस्से में वाहन खड़े कर देते हैं। इससे जाम की स्थिति बनती है। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को भीड़ के बीच से गुजरने में विशेष सावधानी बरतनी पड़ती है। मठिया श्रीराम निवासी पूर्व प्रधान राजकुमार तिवारी प्रिंस, झड़वा के अभिषेक मिश्र, निरंजन कुशवाहा, शीशवा के मिथिलेश उपाध्याय, राजपुर बगहा के दुर्गा प्रसाद और राजेश सिंह का कहना है कि सेवरही बाजार आसपास के गांवों के लोगों के लिए खरीदारी और जरूरी कामकाज का प्रमुख केंद्र है। छठ महापर्व पर यहां भीड़ और बढ़ जाती है। ऐसे में प्रशासन और नगर पंचायत को पहले से यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने की पहल करनी चाहिए। गणेश यादव ने बताया कि दुकानों के बाहर सड़क तक सामान और साइन बोर्ड रखे जाने से राहगीरों को परेशानी होती है। बाजार में खरीदारी के दौरान वह एक बाइक की चपेट में आकर साइन बोर्ड से टकरा गए और दुकानदार के बाहर रखे सामान पर गिर पड़े, जिससे उन्हें चोट भी आई। ग्राम प्रधान शशिभूषण उपाध्याय और अर्जुन कुमार ने मुख्य मार्ग की दोनों पटरियों को अतिक्रमण मुक्त कराने, दुकानों के बाहर सामान रखने के लिए सीमा निर्धारित करने, ई-रिक्शों के लिए उचित स्थान तय करने और प्रमुख चौराहों पर पुलिस की नियमित तैनाती की मांग की है। इस संबंध में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी उत्तम वर्मा ने बताया कि उपजिलाधिकारी के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाती है। जल्द ही मार्ग और पटरियों को खाली कराने के लिए अभियान चलाया जाएगा, ताकि राहगीरों को आवागमन में परेशानी न हो।



फास्ट फूड की दुकान में घुसकर दुकानदार व उसके भाई को पीटा, पांच पर केस दर्ज

भटनी (देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के बलुआ अफगान मुलायम चौराहे पर फास्ट फूड की दुकान में घुसकर दुकानदार और उसके भाई की लाठी-डंडों से पिटाई करने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर के अनुसार, ग्राम लोहरौली, थाना बरहजघाट निवासी टिंकू मद्देशिया पुत्र नेबूलाल मद्देशिया बलुआ अफगान मुलायम चौराहे पर फास्ट फूड की दुकान चलाते हैं। आरोप है कि 8 नवंबर की शाम करीब सात बजे दुकान में घुसकर मोहन मद्देशिया पुत्र हरि, राजन पुत्र मोहन, कृष्णा पुत्र चंद्र, लल्लन पुत्र गेना और रवि पुत्र लल्लन, निवासी बलुआ अफगान थाना भटनी ने टिंकू और उनके भाई की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। हमले में उनके भाई के सिर में चोट आई। आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांचों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांवों में कूड़ा उठान में लापरवाही पर डीएम सख्त, सचिवों की तय होगी जिम्मेदारी

पडरौना/कुशीनगर। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाने और सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए जिलाधिकारी संजय चौहान ने अधिकारियों को कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश दिए हैं।

बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छता समिति की बैठक में उन्होंने डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए ग्राम सचिवों की जिम्मेदारी तय करने और नियमित निगरानी करने को कहा।

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता से जुड़े कार्य केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि उनका असर गांवों में भी दिखाई देना चाहिए। इसके लिए नियमित स्थलीय निरीक्षण और कार्यों की समयबद्ध समीक्षा सुनिश्चित की जाए।

❑शौचालय निर्माण और जियो टैगिंग में तेजी लाने के निर्देश ❑प्लास्टिक कचरे से इंटरलॉकिंग पेवर बनाने की योजना को मिलेगा बढ़ावा

विकासखंडवार कूड़ा संग्रहण की स्थिति सामने आने पर पता चला कि कई ग्राम पंचायतों में घर-घर से कूड़ा उठाने की व्यवस्था नियमित नहीं है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कूड़े का संग्रहण, गीले और सूखे कचरे का पृथक्करण तथा उसका उचित निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। इसमें लापरवाही मिलने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की समीक्षा के दौरान वित्तीय वर्ष 2026-27 के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष जियो टैगिंग की प्रगति पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कम प्रगति वाले विकासखंडों को विशेष कार्ययोजना तैयार कर निर्माण और जियो टैगिंग में तेजी लाने को कहा। साथ ही पात्र लाभार्थियों को योजना की धनराशि समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बैठक में योजना के तहत प्राप्त, खर्च और अवशेष धनराशि का भी ब्योरा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि पात्र लाभार्थियों के खातों में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की प्रथम और द्वितीय किस्त भेजी जा चुकी है। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के निर्माण के लिए भी ग्राम पंचायतों को धनराशि की सीमा उपलब्ध करा दी गई है। डीएम ने इसके पारदर्शी और नियमानुसार उपयोग पर जोर दिया। प्लास्टिक कचरे के निस्तारण को उपयोगी बनाने के लिए कसया विकासखंड की ग्राम पंचायत कुड़वा उर्फ दिलीपनगर में प्लास्टिक मिश्रित इंटरलॉकिंग पेवर तैयार करने की प्रस्तावित योजना पर भी चर्चा हुई। इसके तहत कसया, हाटा और फाजिलनगर के रिसोर्स रिकवरी सेंटरों से एकत्रित प्लास्टिक का प्रसंस्करण कर निर्माण सामग्री तैयार की जाएगी। जिलाधिकारी ने उत्पाद की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों और बाजार में उसकी उपयोगिता पर विशेष ध्यान देने को कहा। फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण के लिए स्थलों के चयन की समीक्षा में मोतीचक विकासखंड की ग्राम पंचायत सोनिया में भूमि चिह्नित किए जाने की जानकारी दी गई। शेष स्थलों की प्रक्रिया भी जल्द पूरी करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा ओडीएफ प्लस मॉडल गांवों के सत्यापन, नालियों की सफाई, सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता और रिसोर्स रिकवरी सेंटरों के नियमित संचालन पर जोर दिया गया।



डीएम ने सामुदायिक शौचालयों में साफ-सफाई, पानी की उपलब्धता और रखरखाव की व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा। बैठक में 15वें और पंचम वित्त आयोग की धनराशि के उपयोग, पंचायत सहायकों के मानदेय, सहज जन सेवा केंद्रों, अंत्येष्टि स्थलों, पंचायत भवनों तथा चयनित ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की प्रगति भी परखी गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि ग्रामीण स्वच्छता और पंचायतों से जुड़ी योजनाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को आपसी समन्वय से लंबित कार्यों को निर्धारित समय में पूरा कराने की हिदायत दी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक पीयूष सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, डीसी मनरेगा राकेश सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

दीदी मिठाई छीन लेती है, हमें मारती है

लखनऊ,। बागपत में दीपावली के मौके पर एक बाल संरक्षण गृह बालगृह की खौफ्नाक हकीकत उस वक्त सामने आई, जब खुद जिलाधिकारी दिव्यांशु पटेल की पत्नी स्वाति सहगल वहां पहुंचीं। बच्चों को मिठाई बांटने गईं स्वाति के सामने बच्चों ने मारपीट, धमकी और उत्पीड़न का जो दर्द बयां किया, उसने पूरे प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मचा दिया। डीएम के सख्त निर्देश के बाद बालगृह की केयरटेकर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दीदी हमें मिठाई नहीं खाने देतीं दीपावली के दिन स्वाति सहगल अपनी बेटी और सास के साथ सरूरपुर कलां गांव स्थित शिक्षतिज बाल एवं शिशु गृह पहुंची थीं। उन्होंने बच्चों को गोद में दुलारा और उन्हें मिठाई व उपहार बांटे। वह बच्चों से बात कर रही थीं, तब एक मासूम का दर्द छलक उठा। बच्चे ने बड़ी मासूमियत से कहा, दीदी हमें मिठाई नहीं खाने देतीं, ये खुद खा लेती हैं। यह सुनकर स्वाति सहगल हैरान रह गईं। इसके बाद उन्होंने अलग-अलग बच्चों से एकांत में बात की। बच्चों ने बताया कि उनके साथ मारपीट की जाती है और सामान मांगने पर उन्हें धमकाया जाता है। एक बच्चे ने यहां तक कहा कि आपके जाने के बाद ये सारे गिफ्ट और मिठाइयां छीनकर अपने घर ले जाएंगी। बालगृह से लौटने के बाद स्वाति सहगल ने पूरी घटना डीएम दिव्यांशु पटेल को बताई। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएम ने तुरंत जिला प्रोबेशन अधिकारी राहुल वर्मा को जांच के सख्त निर्देश दिए। 10 नवंबर को प्रोबेशन अधिकारी ने बालगृह का औचक निरीक्षण किया और बच्चों के बयान दर्ज किए। जांच में बच्चों की शिकायतों की पुष्टि होने के बाद, चाइल्ड हेल्पलाइन की प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर वंदना गुप्ता की तहरीर पर बागपत कोतवाली पुलिस ने केयरटेकर अंकिता के खिलाफगंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार दिल्ली-सहारनपुर हाईवे किनारे स्थित धर्मशाला में श्घरौंदा वेलफेयर सोसायटीश् द्वारा संचालित बालगृह में छह माह से लेकर सात साल तक के पांच बच्चे रह रहे हैं। 15 अगस्त 2026 से यहां बच्चों की देखभाल की जा रही है। बालगृह में रह रही दो बच्चियों की कहानी बेहद मार्मिक है। इनमें से एक बच्ची जन्म के तुरंत बाद नाली में पड़ी मिली थी, जबकि दूसरी बच्ची रेलवे ट्रैक के किनारे झाड़ियों से बरामद हुई थी। अस्पताल में इलाज के बाद उन्हें इस आश्रय में सुरक्षित रखा गया था, लेकिन यहां भी उनके साथ दुर्व्यवहार की बात सामने आने से संरक्षण गृहों की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

❑डीएम की पत्नी के सामने बाल सुधार गृह के बच्चों ने बयां किया दर्द ❑केयरटेकर अंकिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज

परिवहन निगम की बसों से दीपावली में 6 दिनों में 1 करोड़ से अधिक लोगों ने की यात्रा

लखनऊ,। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि दीपावली के अवसर पर परिवहन निगम ने 1 करोड़ से अधिक लोगों को सुगम एवं सुरक्षित यात्रा मुहैया कराई है। 6 नवम्बर को 18.06 लाख से अधिक, 7 नवम्बर को 16.72 लाख से अधिक, 8 नवम्बर को 17.36 लाख से अधिक, 09 नवम्बर को 14.12 लाख से अधिक, 10 नवम्बर को 16.42 लाख से अधिक एवं 11 नवम्बर को 19.45 लाख से अधिक यात्रियों ने यात्रा की। परिवहन मंत्री ने छठ पर्व पर प्रदेश के लोगों को उनके गन्तव्य तक सुरक्षित एवं सुगम्य यात्रा के लिए अतिरिक्त परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। 13 नवंबर से 17 नवम्बर तक अधिक से अधिक बसों का संचालन किया जाए। पूर्वांचल में बड़े पैमाने पर छठ पर्व का आयोजन होता है। इस पर्व पर महानगरों में रहने वाले पूर्वांचल के बहुत से लोग अपने गन्तव्य को जाते हैं। दिल्ली से पूर्वी उत्तर प्रदेश के यात्रियों को आवागमन के लिए अधिक संख्या में बसें चलायी जाएं। लखनऊ व कानपुर नगरों के लिए भी इस अवधि में अतिरिक्त बसों के संचालन की व्यवस्था की जाए।

पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रों से गाजियाबाद व दिल्ली एवं पश्चिमी क्षेत्रों के लिए प्रारम्भिक प्वाइंट से 60 प्रतिशत से अधिक लोड फैक्टर मिलने पर पूर्वी क्षेत्र से अतिरिक्त सेवाएं संचालित की जाएं। निगम बसों को शत प्रतिशत ऑनरोड करने के निर्देश दिए हैं। बसों की असेम्बलीज व स्पेयर पार्ट्स की उपलब्धता भी परिवहन निगम के अधिकारी सुनिश्चित करा लें। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में अनफिट बसों का संचालन न किया जाए। अनुबन्धित बसों को अवकाश स्वीकृत न किया जाए। वाहन स्वामियों को सूचित कर दिया जाए कि अनुबन्ध पर लगी बसों का मरम्मत कराकर संचालन के लिए बसों की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि चालकों,परिचालकों एवं कार्मिकों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी।



छठ महापर्व 13 नवंबर से, 16 को उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ होगा समापन

कसैया, कुशीनगर। लोक आस्था के महापर्व छठ की तैयारियां शुरू हो गई हैं। भगवान सूर्य देव और छठी माता की उपासना का यह पवित्र पर्व कार्तिक मास में मनाया जाता है। यह पर्व मुख्य रूप से बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड सहित पूरे देश में बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। शास्त्री पं. सच्चिदानंद पाण्डेय ने बताया कि छठ महापर्व कार्तिक शुक्ल पक्ष चतुर्थी से कार्तिक शुक्ल पक्ष सप्तमी तक चार दिनों तक चलने वाली कठिन तपस्या का पर्व है। इस पर्व में अस्ताचलगामी सूर्य को सायंकालीन अर्घ्य और उदित सूर्य को प्रातःकालीन अर्घ्य देकर सुख, शांति और कल्याण की प्रार्थना की जाती है। यह व्रत हमें जीवन में सुख-दुःख में एक समान रहने की प्रेरणा देता है। 13 नवंबर, शुक्रवार । नहाय-खाय व्रत का शुभारंभ नहाय-खाय से होगा। इस दिन स्नान के बाद घर की साफ-सफाई कर सात्विक भोजन किया जाता है। 14 नवंबर, शनिवार - खरना दूसरे दिन खरना होगा। इस दिन व्रती दिनभर व्रत रखकर शाम को खीर का प्रसाद ग्रहण करते हैं। इसके बाद से 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाता है। 15 नवंबर, रविवार सायंकालीन अर्घ्य। तीसरे दिन शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। 16 नवंबर, सोमवार प्रातःकालीन अर्घ्य और पारणा। अंतिम दिन सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती पारणा करेंगे और महापर्व का समापन होगा। शास्त्री जी ने बताया कि सूर्य उपासना का मंत्र नमोस्तु सूर्याय सहस्रभानवे, नमोस्तु वैश्वानर जातवेदसे। त्वमेव चार्घ्यं प्रतिगृह्ण देवाधिदेव नमोस्तुते ॥ है।



भगवान के नाम में है संसार से तारने की शक्ति - विनय राघव दास

तुर्कपट्टी,कुशीनगर। ग्रामसभा सपही बरवा में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक पं. विनय राघव दास जी महाराज ने भगवान के नाम जप की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान के नाम में संसार रूपी भवसागर से पार उतारने की अद्भुत शक्ति है। मनुष्य को किसी भी परिस्थिति में भगवान के नाम का स्मरण और जप करना चाहिए। सच्चे भाव से किया गया नाम जप जीव के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि ध्रुव ने ग्लानि और पीड़ा की अवस्था में भगवान का आश्रय लिया, लेकिन अपनी अटूट भक्ति और तपस्या के बल पर महान स्थान प्राप्त किया। वहीं जड़भरत के प्रसंग में उन्होंने कहा कि भगवान के प्रति अनन्य विश्वास और निष्कपट भक्ति इतनी प्रभावशाली होती है कि भगवान अपने भक्त की पुकार पर प्रकट होने के लिए विवश हो जाते हैं। कथा के दौरान पुरंजन उपाख्यान, द्वीपों के वर्णन तथा विभिन्न नरकों की चर्चा भी की गई। इसके साथ ही तीसरे दिन की कथा का विश्राम हुआ। इस अवसर पर सम्पूर्ण यादव परिवार एवं उनके रिश्तेदारों ने व्यास पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। संगीतमय कथा में आर्गन पर संत जी, तबले पर संतोष श्रीवास्तव तथा पैड पर आलोक शर्मा ने संगत कर भक्ति गीतों से माहौल भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान अर्जुन यादव, उपेंद्र यादव, दीपिका, सृष्टि, शिवेंद्र, रितिका, कृशपु, रेनू, पूजा, मंजू, नंदलाल, प्रमुख, ओमप्रकाश, रामदयाल, बलदेव एवं अवधेश सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए 13 से मेडिकल कैंप शुरू

पडरौना/कुशीनगर। जिले में विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र और यूनिक आईडी कार्ड (यूडीआईडी) उपलब्ध कराने के लिए 13 से 21 नवंबर तक मेडिकल असेसमेंट कैंप आयोजित किए जाएंगे। पीएम श्री योजना के अंतर्गत आयोजित इन शिविरों में बच्चों की दिव्यांगता का चिकित्सकीय परीक्षण करने के साथ भारत सरकार के पोर्टल पर लंबित ऑनलाइन आवेदनों का भी निस्तारण किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार सभी शिविर कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कुशीनगर परिसर में सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक आयोजित होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के तहत 13 नवंबर को पडरौना और विशुनपुरा, 17 नवंबर को दुदही, सेवरही और तमकुहीराज, 18 नवंबर को कसया और फाजिलनगर तथा 19 नवंबर को हाटा, सुकरौली और मोतीचक विकासखंड के बच्चों का परीक्षण किया जाएगा। इसी क्रम में 20 नवंबर को कसानगंज और रामकोला तथा 21 नवंबर को नेबुआ नौरंगिया विकासखंड के बच्चों के लिए शिविर लगेगा। शिविर में अस्थि रोग विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ, नेत्र सर्जन, फिजिशियन और बाल रोग विशेषज्ञों की टीम बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने संबंधित चिकित्साधिकारियों को निर्धारित तिथि और समय पर शिविर में उपस्थित रहकर जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए हैं। इन शिविरों के माध्यम से दिव्यांग बच्चों को आवश्यक प्रमाण-पत्र और यूडीआईडी कार्ड उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में तेजी आएगी। साथ ही लंबे समय से लंबित आवेदनों का निस्तारण होने से पात्र बच्चों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सहूलियत मिलेगी।

वित्तीय सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता

गोरखपुर। हमारा उद्देश्य ग्राहकों को बिना किसी रुकावट के सेवाएं देना, उनके साथ बेहतर संबंध बनाना और उनकी बदलती जरूरतों के अनुसार वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। पिरामल फाइनेंस कंपनी ने कमल फिनकैप प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित की जा रही 28 ग्रामीण ऋण शाखाओं का संचालन अपने हाथ में ले लिया है। इस बदलाव के बाद पिरामल फाइनेंस इन सभी 28 शाखाओं का संचालन सीधे करेगी।

इस बारे में जानकारी देते हुए पिरामल फाइनेंस के चीफ बिजनेस ऑफिसर सैयद इम्तियाज अहमद ने कहा कि हमारा प्रयास भरोसेमंद वित्तीय सेवाओं की उपलब्धता ग्रामीण परिवारों, स्वरोजगार करने वाले लोगों और छोटे व्यवसायियों की आर्थिक जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपनी शाखाओं का संचालन सीधे अपने हाथ में लेकर पिरामल फाइनेंस का उद्देश्य ग्राहकों को लगातार वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराना और उनकी जरूरतों के अनुसार व्यक्तिगत सहायता देना है।

दीपावली पर खूब दौड़ी यूपी-112 की पीआरवी, तीन दिन में 2.05 लाख से अधिक को पहुंचाई मदद

लखनऊ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा त्योहारों पर कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश का असर दीपावली पर देखने को मिला। प्रदेशवासियों की दीपावली सुरक्षित और खुशहाल बनाने के लिए यूपी-112 की पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) ने तीन दिनों तक पूरी मुस्तैदी के साथ मोर्चा संभाले रखा। छोटी दीपावली से लेकर दीपावली के अगले दिन तक यूपी-112 ने कुल 2,05,738 जरूरतमंद नागरिकों तक पहुंचकर उन्हें त्वरित सहायता उपलब्ध कराई। यह संख्या सामान्य दिनों में प्रतिदिन मिलने वाली करीब 38 हजार सहायता की तुलना में काफी अधिक रही।यूपी-112 के डीजी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश में आपातकालीन सेवाओं को अधिक प्रभावी, जवाबदेह और जनसुलभ बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके तहत प्रदेशभर में पीआरवी को अलर्ट मोड पर रखा गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में नागरिकों को बिना देरी के सहायता मिल सके। पुलिसकर्मियों की सक्रियता और त्वरित रिस्पांस के चलते त्योहार के दौरान बड़ी संख्या में लोगों को राहत पहुंचाई गई। छोटी दीपावली 7 नवंबर को कुल 53,264 नागरिकों ने आपातकालीन सहायता प्राप्त की। वहीं, 8 नवंबर को दीपावली के दिन यह संख्या बढ़कर 74,816 पहुंच गई। दीपावली के अगले दिन 9 नवंबर को सर्वाधिक 77,753 लोगों को सहायता उपलब्ध कराई गई। इस तरह तीन दिनों में कुल 2,05,738 नागरिकों तक यूपी-112 की सेवाएं पहुंचीं। त्योहार के दौरान लोगों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आपात जरूरतों को देखते हुए पीआरवी की सक्रियता लगातार बनी रही।